ताइवान के भूकम्परोधी उपाय



पिछले दिनों ताइवान में 7.4 तीव्रता का भूकम्प आया था। लेकिन जान-माल का नुकसान बहुत मामूली रहा। इतनी ही तीव्रता के भूकम्प ने तुर्किये में भयावह तबाही मचा दी थी।

ताइवान ने भूकम्प विरोधी आपदा प्रबंधन की जो व्यवस्थायें की हैं, उन्हें जानना अत्यंत रोचक एवं भारत के संर्दभ में उपयोगी भी होगा।

- भूकम्प आने पर भवन न गिरें, इसके लिए तकनीक इस्तेमाल की जाती है। इससे भवनों की निर्माण-लागत बढ़ती है। सरकार इसके लिए सब्सीडी देती है।
- स्थान-स्थान पर भूकम्प से जुड़े ऑनलाइन पोस्ट और चित्रों को स्कैन करने की मशीनें लगी हुई हैं। इससे सरकार को वहाँ तत्काल राहत व्यवस्था करने में मदद मिलती है।
- नुकसान के आकलन के लिए निगरानी कैमरे लगे हुए हैं।
- ट्रेनों में सेंसर लगे हैं। ये भूकम्प की तरंगों को ट्रैक करते रहते हैं। भूकम्प का आभास होते ही ट्रेन में तुरंत ब्रेक लग जाते हैं।
- प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर ही बच्चों को भूकम्प से संबंधित बचाव का प्रशिक्षण दिया जाता है।
- भूकम्प के समय कैसे एक-दूसरे की मदद करना है, इसके लिए समुदायों को तैयार किया जाता है।

*****